an>

Title: Need to release provident fund of employees of closed unit of Uttar Pradesh State Sugar Corporation Limited at Hardoi, Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) ः मैं मा. प्रधानमंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मेरे लोकसभा क्षेत्र हरदोई के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लि. की हरदोई इकाई 15 वर्षों से बंद पड़ी है। मिल बंद होने के बाद कर्मचारियों का भविष्य निधि खाता संख्या यू.पी. 176 सन् 1984 के पूर्व तक का बकाया वेतन 40 प्रतिशत ही प्राप्त कराया गया तथा 60 प्रतिशत भविष्य निधि वेतन व अन्य बकाया भुगतान आज तक राज्य सरकार द्वारा नहीं दिया गया।

कर्मचारियों का सन् 1982-83 के 3 ए एवं 6 ए के प्रपत्र भविष्य निधि कार्यालय में उपलब्ध न होना बताकर भुगतान नहीं किया गया एवं पेंशन गणना में 2 वर्ष छोड़ दिए गए। जबकि भविष्य निधि कार्यालय में पत्र संख्या 37414/यू.पी./176 दिनांक, 16.07.2003 के माध्यम से जमाधन अंकित है, ऐसा सूचित किया गया है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पत्र संख्या 51709 दिनांक 16.07.2003 ने सदस्यों के वार्षिक लेखा विवरण के संबंध में बताया कि वर्ष 1991-92 में त्रुटियां होने के कारण आगे के वार्षिक लेखा विवरण सुधार कर प्रेषित किए जाएंगे और इन्होंने अपने पत्र में यह भी स्वीकार किया कि भविष्य निधि धनराशि के प्रपत्र 3 ए एवं 6 ए के माध्यम से इस कार्यालय में जमा होना अंकित है।

मैं मा. प्रधानमंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि बंद पड़ी चीनी मिल के कर्मचारी बेरोज़गारी की दशा में भुखमरी को झेल रहे हैं। एक तरफ क्षेत्रीय आयुक्त, लखनऊ, भविष्य निधि संगठन ने अपने पत्र से त्रुटियां होने को स्वीकार किया तथा भविष्य निधि धनराशि कार्यालय में जमा होना भी स्वीकार किया।

मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि जनहित में बंद पड़ी चीनी मिल के कर्मचारियों के 60 प्रतिशत बकाया भविष्य निधि का भुगतान कराने की कृपा करें।